दिनांक 13.12.2023 **स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई**

ओयो एप्प से संचालित दो होटलो को सील बंद किया गया

भिलाईनगर। निगम भिलाई के आवासीय क्षेत्र में ओयो एप्प के आड़ में चल रहे होटल कारोबार के दो भवनो पर शिवाजी नगर क्षेत्र में सील बंद की कार्यवाही की गई। विधायक रिकेश सेन के नेतृत्व में निगम टीम ओयो पंजीयन एप्प के माध्यम से इवनिंग स्टार इन एवं सिटी टावर इन के नाम से सड़क 6 में दो भवनो को सील बंद किया। वार्ड 14 शिवाजी नगर क्षेत्र के लोगो ने शिकायत दर्ज कराया गया था कि आवासीय क्षेत्र के दो भवनो में ओयो एप्प के माध्यम से होटल व्यवसाय के नाम पर अनैतिक कार्य संचालित किये जा रहे है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने शिकायत का संज्ञान लेते हुए निगम एवं पुलिस प्रशासन की टीम के साथ मौके पर पहुॅच कर कार्यवाही के निर्देश दिये। निगम के अधिकारियों ने भवन मालिक बजरंग यादव एवं आकाश कुमार यादव से भवन के अनुज्ञा पत्र , गुमस्ता लाईसेंस, संपत्तिकर रसीद, दुकान स्थापना, होटल पंजीयन आदि आवश्यक सरकारी दस्तावेज मौके पर दिखाने की मांग की भू-स्वामी द्वारा दस्तावेज दिखाने में असमर्थता व्यक्त करने पर पुलिस प्रशासन ने भवन को खाली कराये जाने के बाद निगम के तोड़फोड दस्ता ने भवन में ताला लगाकर सील चपड़ा किया।